


गुलाम नबी आजाद नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, अनंतनाग सीट से नाम वापस लिया

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



असम में मोदी का मुखौटा पहने कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

वर्ष-60 › अंक -106 रायपुर गुरूवार 18 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2081 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G/RYP DN/71/2023-25








## बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे : गृह मंत्री शाह





लोकशक्ति। संवाददाता।

अमित शाह - केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिलान्तर्गत हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी हुई है।

इसे सुरक्षा बलों की बड़ी सफ्लता बताते हुए गृह मंत्री ने आज एक बयान में कहा कि मोदी सरकार ने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को उखाड़ फेंकने का एक सतत अभियान चलाया हुआ है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। बहुत कम समय में मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे।

# रामलला का 'सूर्य तिलक'

## अगले 5 वर्षों में 3 करोड़ और नए घर बनाए जाएंगे

नईदिल्ली,एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के नलबाड़ी में चुनाव प्रचार किया। उनकी इस रैली में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों को रामनवमी की बधाई दी। इस खास मौके पर उन्होंने फोन की फ्लैश लाइट जला कर लोगों से रामलला के सूर्य तिलक से जुड़ने का आह्वान किया।


उन्होंने कहा कि जब सूर्य देवता स्वयं प्रभु राम के जन्मदिन को मनाने के लिए किरण के रूप में उतर रहे हैं, पूरे देश में एक नया माहौल है और ये प्रभु श्रीराम का जन्मदिन 500 साल बाद आया है, जब उन्हें अपने घर में जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला है ।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ÷आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। अभी कुछ मिनटों के बाद प्रभु राम का सूर्य तिलक करके, उनका जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में, राम मंदिर में मनाया जाएगा।÷



असम में मोदी ने हैलीकॉप्टर से बैठे-बैठे लाईव राम लला का सूर्य तिलक देखा





असम में मोदी को सुनने उमड़ा जनसैलाब



असम के नलबाड़ी में एक सार्वजनिक रैली के दौरान कार्यकर्ता

## इसरो अध्यक्ष सोमनाथ बोले- चांद मिशन तब तक जारी रहेगा, जब तक कोई भारतीय चांद पर नहीं पहुंच जाता



**एजेंसी।** इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अपनी चंद्रयान सीरिज को तब तक जारी रखेगा, जब तक कोई भारतीय चंद्रमा पर नहीं पहुंच जाता। गौरतलब है कि पिछले अगस्त में चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था।

इसरो अध्यक्ष बुधवार को एस्ट्रोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया, अहमदाबाद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। हमने मिशन द्वारा भेजा गया डेटा भी एकत्र कर लिया है।

## श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक व मर्यादा के आदर्श परमपुरुष : सीएम योगी

लोकशक्ति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने त्रेतायुग में थे। श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। मर्यादा के आदर्श हैं। परमात्मा स्वरूप परमपुरुष हैं। हर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं। गोरखनाथ मंदिर में बुधवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मां भगवती के अलग अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ संपन्न हुआ है। नवरात्र प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव की अद्भुत परंपरा है। उन्होंने आदिशक्ति मां भगवती से चराचर जगत के कल्याण की कामना की।

सीएम योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र की महत्वपूर्ण नवमी तिथि समाज को मर्यादा के मार्ग पर ले जाने वाले व मानवीय जीवन मूल्यों का उच्च आदर्श प्रस्तुत करने वाले प्रभु श्रीराम के जन्मदिन की भी तिथि होती है। हजारों वर्षों पूर्व अयोध्या के महाराजा दशरथ के पुत्र के रूप में सृष्टि के पालक भगवान विष्णु ने धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए अवतार लिया था। आज भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव देश दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में इस बार श्रीरामनवमी बेहद उमंग और आस्था के साथ मनाई जा रही है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीरामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं और इसका अलग ही उल्लास आज वहां के श्रीरामजन्मोत्सव में देखने को मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण कर हम सभी समाज और देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करें, यही भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक होगा।



### मां सिद्धिदात्री की आराधना कर सीएम ने किया हवन

कन्या पूजन अनुष्ठान और श्रीरामजन्मोत्सव मनाने के पूर्व बुधवार सुबह मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना की। पूजा अर्चन के बाद उन्होंने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि का हवन अनुष्ठान किया।

## 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं : मोदी



एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं। मोदी ने कहा, ÷कांग्रेस ने 'लूट ईस्ट' की नीति अपना रखी थी, वहीं भाजपा ने इसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने उत्तर पूर्व के साथ न्याय नहीं किया और क्षेत्र को 'भ्रष्टाचार का अड्डा' बना दिया, वहीं कम्युनिस्टों ने राज्य की संभावनाओं को कम कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र में विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ÷त्रिपुरा के लोगों को इससे बहुत फायदा मिलने जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है।

## पुंछ में आतंकी साजिश नाकाम; तीन IED बरामद, बम निरोधक दस्ते ने किया निष्क्रिय



एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में बुधवार को एक आतंकी ठिकाने से तीन 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) बरामद किये गये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, जब्त किये गये आईईडी में प्रत्येक का भार तीन से 20 किलोग्राम (किलो) के बीच है. अधिकारियों ने इस कार्रवाई को जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी सफलता करार दिया है।

**देश-विदेश**

### दुबई में भारत की 28 उड़ाने रद्द,खैबरपख्तून-बलूचिस्तान में इमरजेंसी

# पाक सहित 5 खाड़ी देशों में भारी बारिश,69 मृत

एजेंसी।

**यूएई. पाकिस्तान व खाड़ी देशों में पिछले दो दिनों में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए है. पाकिस्तान, ओमान व यूएई में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है. पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा व बलूचिस्तान में भारी बारिश के चलते इमरजेंसी लगानी पड़ी है. वहां अब तक 50 लोग मारे गए हैं.**

दुबई में खराब मौसम के चलते भारत की 28 उड़ाने रद्द कर दी गई है. इनमें भारत आने वाली 13 व भारत से दुबई जाने वाली 15 उड़ानें शामिल हैं. पाकिस्तान के सभी प्रांतों में तेज बारिश हो रही है. वहां 32 लोग गंभीर रूप से घायल है. खराब मौसम का सबसे ज्यादा असर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में है. पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है. पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है.



**बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है. आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा है. बलूचिस्तान में भारी तबाही मचा सकती है. खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद में ज्यादा नुकसान होने की संभावना जताई गई है. इसके अलावा पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है.**

**दुबई में दो दिन में हो गई साल भर की बारिश-**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी, दुबई व अल ऐन जैसे शहरों में भी भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं. इससे अब तक 1 शख्स की मौत हुई है. वहां साल भर की बारिश 2 दिन के भीतर हो गई. सड़क, रेलवे व उड़ानों पर असर पड़ा. इन शहरों में ऑफिस और स्कूल बंद कर दिए गए हैं. लोगों को वर्क फ्रॉम होम के लिए कहा गया है. दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के हवाले से लोगों से कहा है कि जब तक बहुत जरूरी न हो एयरपोर्ट पर न आएं. कई फ्लाइट्स रद्द हुई हैं तो कई को डायवर्ट किया गया है. दुबई एयरपोर्ट से ट्रैवल करने वालों के लिए चेक इन के प्रोसेस को सस्पेंड कर दिया गया है. मौसम विभाग ने आज को भी तेज बारिश होने की आशंका जताई गई है. लोगों को घर में ही रहने की सलाह दी गई है. बहरीन, कतर व सऊदी अरब में भी भारी बारिश से हालात खराब हैं. ओमान में तेज बारिश के चलते 18 लोगों की मौत हो गई है।

## भारत में यह मोदी युग है, विपक्ष ध्वस्त हो गया है, कांग्रेस परिवार की पार्टी बन गई है : अमेरिकी विशेषज्ञ

**एजेंसी।** दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक ने बड़ी बात कही है। अमेरिकी विशेषज्ञ का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है। विशेषज्ञ ने कहा कि भाजपा तीसरी बार सत्ता में वापसी करेंगी। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक 'अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट' से जुड़े सदानंद धूमे ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही है।

'मोदी राष्ट्रीय चर्चा के केन्द्र में हैं' - धूमे ने कहा कि भारत में यह मोदी युग है। उन्होंने कहा,''भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है।'' उन्होंने कहा,'' आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केन्द्र में हैं। अगर आप इंदिरा गांधी के समय से लेकर अब तक की राजनीति पर नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे कि कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो राष्ट्रीय चर्चा में इस तरह से केन्द्र में रहा हो।'' परिवार की पार्टी बन गई कांग्रेस - धूमे ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत लंबे समय से एक ऐसा देश रहा है जिसमें केवल एक शक्तिशाली राष्ट्रीय पार्टी रही है। यदि आप 60, 70, 80 के दशक को देखें, तो उस पर कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व था और अब उस पर भाजपा का प्रभुत्व है, उस हद तक नहीं जितना कभी कांग्रेस का प्रभुत्व था। उनका कहना था, ''भारत में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपना उत्तराधिकारी नेतृत्व तैयार करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बना पाई है, जैसा कि दुनिया भर में सफ्ल राजनीतिक दलों ने किया है। अमेरिका में चाहे वह लेबर पार्टी हो या कंजर्वेटिव पार्टी या डेमोक्रेटिक पार्टी। जब आप चुनाव हारते हैं तो आमतौर पर आपको नया नेतृत्व मिल जाता है।'' धूमे ने कहा, लेकिन कांग्रेस नहीं जानती कि यह कैसे करना है क्योंकि यह एक परिवार संचालित पार्टी बन गई है।



जन-जन का विश्वास - भाजपा के साथ... आज जन आशीर्वाद कार्यक्रम के तहत ग्राम करमतरा, सोनेसरार, किरगी, बड़गाँव (चारभाठा)एवं खुज्जी क्षेत्र में जनसंपर्क कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कांग्रेस से,भाजपा में आई नेत्रियों ने की प्रेस वार्ता कहा

# जो कांग्रेस महिलाओ को 5 साल में 500 रु न दे सकी वो आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रही है: वाणी राव

### कांग्रेस की घोषणाएं ,महिलाओ के साथ भद्दा मजाक,महिलाओ को बेवकूफन समझे कांग्रेस

### कहा कांग्रेस महिला विरोधी,5 साल महिलाओ को केवल धोखा दिया,500 रु देने का वादा भी पूरा नहीं किया

### कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड केवल महिलाओ को छलने का एक परिवार को 20 सिलेंडर देने का वादा था नही दिया

**रायपुर।** बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय सचिव व महासमुंद की पूर्व नपा अध्यक्ष अनिता रावटे, महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कदम-कदम पर महिलाओं के साथ छल और विश्वासघात कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया और जो 500 रु महिलाओ को नहीं दे पाए आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रहे है कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है।

महिला नेत्रियों श्रीमती राव, श्रीमती रावटे, श्रीमती पटेल व श्रीमती शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस कांग्रेस की भूपेश सरकार ने महिलाओं को 500 और 1,000 रुपए देने का वादा करके एक रुपया तक पूरे पाँच साल के शासनकाल में नहीं दिया, वह कांग्रेस अब देशभर की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की बात किस मुँह से कर रही है? कांग्रेस देश को यह बताए कि महिलाओं को 50 लाख करोड़ रुपए सालाना वह कैसे देगी, जबकि देश का कुल बजट ही इतनी राशि का होता है। भारतीय जनता पार्टी के एकात्म परिसर स्थित कार्यालय में बुधवार को आहूत पत्रकार वार्ता में भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में जब गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया, तभी मन में आ गया था कि इस पार्टी में नहीं रहना है। कांग्रेस ने गंगाजल की सौगंध लेकर प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था, पर कांग्रेस की भूपेश सरकार को ही शराब की लत लग गई। शराबबंदी के नाम पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने वाली कांग्रेस की सरकार ने उसमें दो हजार करोड़ रुपए का घोटाला तक कर डाला। कांग्रेस ने महतारी सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह 500 रुपए और विधवा व वृद्ध महिलाओं को 1,000 रुपए देने का वादा किया था लेकिन पाँच साल में एक रुपया तक महिलाओं को नहीं दिया गया। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि इससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि कांग्रेस ने महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ करने तथा महिला स्व-सहायता समूहों को धोखाधड़ी से बचाने एवं आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु सख्त नियम बनाने की बात कही थी लेकिन उन समूहों का कर्ज माफ तो किया नहीं, उल्टे रेडी टू ईट योजना का काम छीनकर इस कार्य में लगी महिलाओं को रातोरात बेरोजगार कर दिया। प्रदेश में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कांग्रेस सरकार ने भुगतान नहीं किया और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को भी सही ढंग से नहीं बेचा। भाजपा नेत्रियों श्रीमती राव, श्रीमती रावटे, श्रीमती पटेल व श्रीमती शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गम्भीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी और वादा किया था कि प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित किया जाएगा जिसमें महिला अपराधों से सम्बन्धित स्वतंत्र जाँच की जाएगी। लेकिन कांग्रेस के पूरे पाँच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आँखें मूंदे बैठी रही, कांग्रेस के नेता जुमलेबाजी और अवांछनीय बयानबाजी करते रहे। कांग्रेस की सरकार ने है हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर मुफ्त देने की बात कही थी कुल 20 सिलेंडर दिए जाने थे लेकिन किसी को कुछ नही मिला।

## लोकसभा चुनाव हे, 26 तारीख के मतदान हे, तै ह 24 तारीख के गाड़ी म बइठ जाबे....



**राजनांदगांव।** जिले में पलायन करने वाले श्रमिक परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु स्वीप अंतर्गत अनोखी तरकीब निकाली गई है। पलायन करने वाले परिवारों को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन वापस घर आकर मतदान करने की गुजारिश की जा रही है। बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची घर-घर जाकर दिया जा रहा है।

इस सर्वे के दौरान पलायन करने वाले ऐसे मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। स्नेह एवं अपनत्व के महौल में बीएलओ न केवल घर का हाल चाल पूछ रहीं है, बल्कि 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए आमंत्रित कर रहीं हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत मतदान जागरूकता के लिए विविध आयोजन किए जा रहे हैं तथा व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ व स्वीप नोडल सुरूचि सिंह के निर्देशन में मतदान जागरूकता के लिए स्वीप टीम की ओर से ऊर्जा एवं उत्साह के साथ कार्य किया जा रहा है।

जिले में पलायन करने वाले श्रमिक परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु अनोखी तरकीब के अंतर्गत वीडियो कॉलिंग करते हुए मतदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें प्रत्यक्ष रूप से फोन करने का असर यह रहा है, कि उनमें यह भावना जागृत हुई है कि वोट की कीमत है और हमें अपने अमूल्य वोट का प्रयोग करने अपने गांव-घर जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ी भाषा में बातचीत करते हुए बीएलओ ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बेंदरकट्टा निवासी गैंदीबाई निषाद को फोन लगाकर कहा कि पलायन म गे हो कमाये खाये बर, त लोकसभा चुनाव म वोट दे बर 26 अप्रैल के आ जाहू। दुनो झन पति-पत्नी साथ म आहू। पर्ची ला घर म काकी मन ला दे दे हो। आज बात हो गिस घर के अउ चुनाव के। गैंदीबाई निषाद ने 26 अप्रैल को मतदान के लिए गांव आने की सहमति दी।

## दीप प्रज्वलित कर शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया गया संदेश

**एजेंसी।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में आज शाम को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों एवं गांवों के चौक चौराहों में मतदाता दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, महिला समूह सहित आमजनों ने बढ़चढ़कर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस दौरान महिलाओं ने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित कर एक-दूसरे को मतदाता संकल्प बेंड भी पहनाई एवं मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

लोकसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार शहर से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस दौरान आज ग्राम धवलपुर में बारात जाते समय दूल्हे को मतदान करने के लिए संकल्प बैंड पहनाया गया। जिले के समस्त नगर एवं गांवों में दीप प्रज्वलित कर स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के तहत जिलेवासियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।






## जिला प्रशासन ने रूकवाया बाल विवाह

**गरियाबंद ।**

कलेक्टर अग्रवाल के निर्देशानुसार व जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चाईल्ड लाईन 1098 के टीम द्वारा 16 अप्रैल को गरियाबंद ब्लॉक अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम, नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप वा बाल अधिकार के प्रचार-प्रसार किये जाने के दौरान बाल विवाह होने की जानकारी प्राप्त हुई। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के टीम की ओर से बालिका के घर जाकर उनके पालक से पूछताछ किया गया एवं बालिका के अंकसूची से आयु का सत्यापन किया गया, जिसमें उसकी आयु 17 वर्ष 06 माह होना पाया गया। विवाह के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते हैं, जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास गरियाबंद एवं चाईल्ड लाईन 1098 के टीम द्वारा बालिका को उनके पालक के साथ बाल कल्याण समिति गरियाबंद में प्रस्तुत किया गया और उन्हे समझाईश दिया गया कि बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पश्चात् ही विवाह करें जिसमे उनके परिजनो ने बाल कल्याण समिति की समझाईश पर सहमति जताई।

## मोदी ने लाया 140 करोड़ जनता के जीवन मे बदलाव: अरुण साव

**धमतरी ।** लोकसभा चुनाव मे महासमुंद से भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के चुनाव प्रचार मे धमतरी पहुंचे छग के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आामदी के बाजार चौक मे एक बड़ी जनसभा को अपनी विशिष्ट शैली मे संबोधित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल मे कैसे आम जनता के जीवन स्तर मे बदलाव आया है । आवास, शौचालय, स्वास्थ्य बीमा, किसान सम्मान, युवा उत्थान, महतारी वंदन से लेकर टीकाकरण, उज्ज्वला गैस, गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अनेक बड़ी योजनाओं से देश की 140 करोड़ जनता के जीवन मे खुशहाली लाने का काम किया इसीलिये जनता उन्हे लगातार बड़े बहुमत से आशीर्वाद दे रही । मोदी जी गरीब का बेटा है इसलिये गरीब का दुख दर्द समझता है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प दिलाया। लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने सभी मतदाताओं को प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद मांगा । मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिये भाजपा



को वोट देने की अपील की। प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए अरुण साव ने एतिहासिक जीत दिलाई आज उनकी उपस्थिति से भाजपा के पक्ष मे वातावरण बना है और प्रत्याशी को इसका फायदा मिलेगा। जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपड़ा, शशि पवार ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से राजीव पाण्डे, योगेश तिवारी, कविंद्र जैन, श्यामा साहू, अरविंदर मुंडी, अविनाश दुबे, चेतन हिंदुजा, बीथिका विश्वास, प्रकाश गोलछा, हेमंत माला, मुरारी यदु, नेहरू निषाद, अर्चना चौबे, सरला जैन, खिलेश्वरी किरण, डेनिस चंद्राकर, हेमलता शर्मा, खुबलाल ध्रुव, दमयंतीन साहू, डिपेंद्र साहू, कालिदास सिन्हा, बालाराम साहू, राजेश गोलछा, विनोद पांडे, कैलाश सोनकर, चंद्रकला पटेल, विजय साहू, अमन राव, कोमल यादव, जितेंद्र पटेल, शिव प्रसाद साहू, असरु राम साहू, हेमनु राम कुंभकार, ज्योति साहू, प्रीति कुंभकार, नीलकंठ साहू, डॉ सुरेश कुंभकार, तेजराम साहू, उमानंद कुंभकार, प्रेम साहू, उमेश साहू, तरुण साहू, किशोर कुंभकार, ज्ञानेश्वर साहू, चन्द्र शेखर साहू, जागेश्वर साहू, देवेंद्र साहू, ललित मानेक, रीतिका यादव, नम्रता पवार, सुशीला तिवारी, संगीता जगताप नंदू साहू, राकेश सिन्हा, दीन दयाल साहू, केशव साहू, देवेंद्र साहू, कीर्तन मीनपाल, भेष साहू, राजीव सिन्हा, सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

## लोकसभा निर्वाचन : होम वोटिंग के लिए मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव संवाददाता।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराने के लिए आज मतदान अधिकारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने बताया कि जिले में कुल 212 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 17 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रोऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे। 18 अप्रैल को होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल सुबह 8 बजे रवाना होगी।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया गया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। इसके लिए सबसे पहले मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद मतदाता को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगायी जाएगी तथा अनुलग्नक दो में उसका हस्ताक्षर भी लिया जाएगा। फिर मतदाता को मतपत्र प्रदान किया जाएगा। जिसमें मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी को पेन से सही अथवा क्रास का



निशान लगाकर मतदान करेगा और मतपत्र को नियमानुसार मोड़कर लिफाफा 13 बी में डालेगा और गोंद से चिपका लिया जाएगा। मतदान करते समय इसकी गोपनीयता का ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

प्रशिक्षण में बताया कि मतदाता को प्रारूप 13 ए घोषणा पत्र में भी हस्ताक्षर कराया जाएगा। फिर मतपत्र का लिफाफा 13 बी और घोषणा पत्र को बड़े लिफाफे 13 सी में डालकर गोंद से चिपका दिया जाएगा। अंत में इस बड़े लिफाफे को सीलबंद मतपेटी में डाल दिया जाएगा। प्रशिक्षण में यह भी बताया कि इन सभी प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी भी कराई जाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर, मास्टर ट्रेनर दीपक ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

## हार की हताशा के मारे देश में भ्रम फैलाते विपक्षी

देश भर में इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव से लेकर AAP नेता संजय सिंह तक सभी पार्टियों के नेता रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। मंगलवार को मोदी ने बंगाल और बिहार की चार रैलियों में विरोधी दलों के उन आरोपों पर जवाब दिया। विरोधी दलों के नेता आरोप लगा रहे हैं कि अगर मोदी फिर जीते तो वह संविधान बदल देंगे, आरक्षण खत्म हो जाएगा, मोदी भ्रष्टाचार के मामलों का डर दिखाकर दूसरी पार्टियों को तोड़ने का काम करते हैं। मोदी ने इन मुद्दों पर सीधी बात की। कहा, वह तो क्या, बीजेपी तो क्या, बाबा साहब का संविधान तो अब खुद बाबा साहब आंबेडकर भी नहीं बदल सकते। मोदी ने कहा कि संविधान, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के हकों का रक्षा कवच है, संविधान देश की प्रगति को दिशा देने वाली शक्ति है, संविधान के साथ खिलवाड़ तो कांग्रेस ने किया, बीजेपी ऐसा कभी नहीं कर सकती। मोदी ने कहा कि अब हार की हताशा में डूबे लोग देश में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लोगों को डराने का षड्यन्त्र कर रहे हैं, अफवाहें फैला रहे हैं कि मोदी आया तो संविधान खत्म कर देगा, बीजेपी बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को ख़त्म करना चाहती है।



## नौंनिहालों की प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता ही देश का उज्जवल भविष्य।

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता हैद्य राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता हैद्य स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगेद्य

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल हैद्य इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया हैद्य वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैंद्य

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता हैद्य आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैंद्य यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। **यह निजी विचार है।**

# भारत की बेमिसाल विरासत से दुनिया स्तंभित




**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर के लोग त्योहारों, परंपराओं और स्मारकों के माध्यम से अपनी संस्कृति और विरासत का जश्न मनाते हैं। इस दिवस को मनाते हुए यूनेस्को असाधारण मूल्य के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के साथ जुड़े एक समृद्ध इतिहास को बढ़ावा देता है। पहला विश्व धरोहर दिवस ट्यूनीशिया में मनाया गया था।

विश्व धरोहर दिवस की शुरुआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (आईसीओएमओएस) ने की थी। इसके बाद 1983 में इसे 'यूनेस्को' की मंजूरी मिली। 1983 के बाद से हर साल अलग-अलग थीम के साथ विश्व धरोहर दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। 2024 की आधिकारिक थीम ÷हमारे वैश्विक विरासत की रक्षा करना÷ है। यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिससे वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था एवं वहां के पर्यटन व्यवसाय को मिलता है। विश्व धरोहर घोषित होने के बाद उस जगह का खास ध्यान रखा जाता है और उसकी सुरक्षा भी बढ़ा दी जाती है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है।

अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति की बैठक होती है और फिर उन जगहों का चयन करती है, उसके बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि उस जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं। विश्व विरासत दिवस की इसलिए अपने आप में एक वैश्विक महत्ता है, क्योंकि इसके जरिए दुनिया में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहूलियत मिल रही है। विश्व की विरासतें मानव को सतत रूप से प्रेरित करती हैं। सिर्फ किसी समाज की विरासत उसी समाज को प्रेरित नहीं करती बल्कि विश्व के दूसरे समाजों को भी विरासत अच्छी तरह से प्रेरित करती है। विरासत दिवस के चलते पर्यावरण और जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। विरासतें विभिन्न समुदायों के बीच रिश्तों को आत्मीय और सम्मानजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और मानवीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होती हैं। यही वजह है कि विश्व विरासत को दुनियाभर के मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण माना गया है।



विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है। राजस्थान की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। यूं तो भारत के सभी राज्यों में समृद्ध विरासत देखने को मिलती है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। प्राकृतिक सुंदरता और महान इतिहास से संपन्न राजस्थान में पर्यटन उद्योग समृद्धिशाली है। राजस्थान देशीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों, दोनों के लिए एक सर्वाधिक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भारत की सैर करने वाला हर तीसरा विदेशी सैलानी राजस्थान देखने ज़रूर आता है। जयपुर के महल, उदयपुर की झीलें और जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर के भव्य दुर्ग भारतीय और विदेशी सैलानियों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक हैं। इन प्रसिद्ध विरासत स्थलों को देखने के लिए यहाँ हज़ारों पर्यटक आते हैं। जयपुर का हवामहल, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के धोरे काफी प्रसिद्ध हैं। जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग, सवाई माधोपुर का रणथम्भोर दुर्ग एवं चित्तौड़गढ़ दुर्ग काफी प्रसिद्ध है। यहाँ शेखावटी की कई पुरानी हवेलियाँ भी हैं जो वर्तमान में हैरीटेज होटलें बन चुकी हैं।

पर्यटन ने यहाँ आतिथ्य क्षेत्र में भी रोज़गार को बढ़ावा दिया है। यहाँ की मुख्य मिठाई 'घेवर' है। राजस्थान असंख्य पर्यटन अनुभवों, व्यंजनों और मोहक स्थलों का प्रांत है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। यह राजस्थान पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण समृद्ध विरासत का खजाना है। इस राजस्थान की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। देश-दुनिया में हमारे पूर्वजों ने विभिन्न शिल्प-कलाओं में जो शानदार कृतियां (स्मारक, ग्रंथ, मंदिर, किले, महल या मकबरे आदि के रूप में) उकेरीं, वो आज हम सभी के सामने महान सांस्कृतिक धरोहरों के रूप में मौजूद हैं। ये हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ का जरिया भी बनते हैं।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से केवल स्मारक एवं स्थल हीं नहीं, प्रभु श्रीराम जैसे महानायकों का जीवन भी दुनिया के लिये प्रेरणास्रोत रहा है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा, तभी विश्व विरासत दिवस मनाना सार्थक होगा। भारत में विश्व धरोहरों का सम्मान इसलिए भी ज्यादा जरूरी है क्योंकि लंबे समय तक भारत पहले विदेशी आक्रांताओं और फिर साम्राज्यवादी लूट-खसोट का केंद्र रहा है, इसलिए पिछले लगभग 1000 सालों में भारत की सांस्कृतिक विरासत न सिर्फ बड़े पैमाने पर छिन्न-भिन्न हुई बल्कि इन विदेशी लुटेरों और साम्राज्यवादी षड़यंत्रकारियों ने लोगों के दिलोदिमाग में ऐसी हीनताबोध भी भर दिया कि आम हिंदुस्तानियों को अपने इतिहास, संस्कृति और परंपरा में कोई ऐसी महत्वपूर्ण चीज ही नजर नहीं आती थी, जिसे सांस्कृतिक धरोहर मानकर उसके प्रति गौरवबोध का एहसास हो। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता।

विश्व विरासत दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि चिंतन, कार्रवाई और प्रतिबद्धता का दिन है। इस अवसर का उपयोग सभी के लाभ के लिए अपने सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक संरक्षण में योगदान देना है। यह वैश्विक आयोजन सांस्कृतिक धरोहर के प्रति चिंतन करता है और इन अमूल्य खजानों के साथ जुड़ाव को प्रोत्साहित करता है। यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए इन स्थलों, महानायकों, अमूल्य ग्रंथों को संरक्षित और सुरक्षित रखने के महत्व को पहचानने, दुनिया भर में उनकी सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व और सांस्कृतिक महत्व के लिए सराहना को बढ़ावा देने का अवसर है।


**यह निजी विचार है।**

# एनसीईआरटी की पुस्तकों में आर्यों को मूल भारतीय घोषित किया

**– प्रमोद भार्गव**

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रशिक्षण परिशद् (एनसीईआर टी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्षाए गए हैं। 21 वर्श की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देष के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ी मैन' के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताबों में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में 'ईंट, मोती और हड्डियांःहड़प्पा सभ्यता' नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजषास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है।

इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है। इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव, नहीं है। विचारधारा के चष्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है। परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवीषील्ड ने किया था। 2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंषाणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्श 2009 में वाराणसी हिंदू विष्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो थंगराज ने भी आनुवांषिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो वसंत षिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंषाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। षोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध हैं। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों के द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो षिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संषोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा षासक छत्रपति षिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। इसी तरह कक्षा 12वीं के समाजषास्त्र विशय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए है। इतिहास पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है।



गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेषी थे और न ही उन्होंने कभी भारत पर आक्रमण किया। अतएव आर्य भारत के मूल निवासी थे। हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में की गई पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निश्कर्श से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुश और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांषिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विष्व-विद्यालय पुणे, सीसीएमबी हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन यूएसए ने किया है। इस डीएनए विष्लेशण में यह भी स्पश्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भातीय हैं। राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। करीब 300 एकड़ में फैले इस क्षेत्र में पुरातत्वविदों ने 2015 में उत्खनन किया था।

आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार व पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी समय-समय पर आते रहे हैं और भारतीय भी विदेश जाते रहे हैं। इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं। साफहै, आर्य भारत के ही थे। प्रोफेसर षिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले हैं। साथ ही भिन्न आकार व आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवषेश मिले हैं। तय है भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृष्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निषान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे।

ये आनुवांषिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के आधार बने हैं। 'आर्यों' के ऊपर 'आनुवंशिकी' आनुवांषिक के आधार पर इसके पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवंशिकी ढ़ांचा है, वह बहुत पुराना है। डीएनए के आधार पर एक महत्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। मानव इतिहास के विकास क्रम में ये स्थितियां जैविक प्रक्रिया के रुप में सामने आई हैं। एक अन्य सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक द्वार किए गए अध्ययन ने तय किया है कि भगवान श्रीकृष्ण हिन्दू मिथक और पौराणिक कथाओं के काल्पनिक पात्र न होकर एक वास्तविक चरित्र नायक थे और कुरुक्षेत्र के मैदान में हकीकत में महाभारत युद्ध लड़ा गया था।

आनुवांशिक संरचना के आधार पर हैदराबाद की संस्था 'सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी' के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध से जो निष्कर्ष सामने आए थे, उनसे स्पष्ट हुआ था कि मूल भारतीय ही 'आर्य' थे। इस शोध का आधार भारतीयों की कोशिकाओं का आनुवंशिक ढांचा है, जिसका सिलसिलेबार अध्ययन किया गया। जिससे तय हुआ कि भारतीयों की कोशिकाओं का संरचनात्मक ढांचा पांच हजार साल से भी ज्यादा पुराना है। इस आधार पर यह कहानी एकदम निराधार साबित हो जाती है कि भारत के लोग 3.5 हजार साल पहले किसी दूसरे देश से आक्रमणकारियों के रूप में यहां आए थे। यदि आए होते तो हमारा आनुवंशिक ढांचा भी 3.5 हजार साल से ज्यादा पुराना नहीं होता। क्योंकि जब वातावरण बदलता है तो आनुवंशिक ढांचा भी बदल जाता है। इस तथ्य को इस मिसाल से समझा जा सकता है, मसलन हमारे बीच से कोई व्यक्ति आज अमेरिका या ब्रिटेन जाकर रहने लग जाए तो उसकी जो चैथी-पांचवीं पीढ़ी होगी, उसकी सवा-डेढ़ सौ साल बाद आनुवांषिक संरचना अमेरिका या ब्रिटेन निवासियों जैसी होने लग जाएगी। क्योंकि इन देशों के वातावरण का असर उसकी आनुवांषिक संरचना पर पड़ेगा।

भारतीय संस्कृति के निर्माता और वेदों के रचियता आर्य भारत के मूल निवासी थे। यदि प्राचीन भारतीय इतिहास को भारतीय दृष्टि से देखें तो आर्य भारत के ही मूल निवासी थे। पाश्चात्य इतिहास लेखकों ने पौने दो सौ साल पहले जब प्राच्य विषयों और प्राच्य विद्याओं का अध्ययन शुरु किया तो बड़ी कुटिल चतुराई से जर्मन विद्वान व इतिहासविद् मैक्समूलर ने पहली बार 'आर्य' शब्द को जाति सूचक शब्द से जोड़ दिया। वेदों का संस्कृत से जर्मनी में अनुवाद भी पहली बार मैक्समूलर ने ही किया था। ऐसा इसलिए किया गया जिससे आर्यों को अभारतीय घोषित किया जा सके। जबकि वैदिक युग में 'आर्य' और 'दस्यु' शब्द पूरे मानवीय चरित्र को दो भागों में बांटते थे। प्राचीन साहित्य में भारतीय नारी अपने पति को 'आर्य-पुरुष' अथवा 'आर्य-पुत्र' नाम से संबोधित करती थी। इससे यह साबित होता है कि आर्य श्रेष्ठ पुरुषों का संकेत-सूचक शब्द था। ऋग्वेद, रामायण, महाभारत, पुराण व अन्य संस्कृत ग्रंथों में कहीं भी आर्य शब्द का प्रयोग जातिसूचक शब्द के रुप में नहीं हुआ है। आर्य का अर्थ 'श्रेष्ठि' अथवा 'श्रेष्ठ' भी है। वैदिक युग में तो वैसे भी जाति व्यवस्था थी ही नहीं। हां, वर्ण व्यवस्था जरूर अस्तित्व में आ गई थी। इसके अलावा वेद तथा अन्य संस्कृत साहित्य में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि आर्य भारत में बाहर से आए। यदि आर्य भारत में बाहर से आए होते तो प्राचीन विपुल संस्कृत साहित्य में अवश्य इस घटना का उल्लेख व स्पष्टीकरण होता।

ताजा शोधों का सार है कि सबसे पहले 65 हजार साल पहले अंडमान और दक्षिण भारत में लोगों का आगमन और आबादी का क्रम शुरू हुआ। इसके करीब 25 हजार साल बाद भारत में लोगों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। इस अध्ययन दल के निदेशक डॉ लालजी सिंह का कहना था कि हम सब भारतीय उत्तर और दक्षिण के इन आदि पुरखों की ही संताने हैं। सवर्ण-अवर्ण जातियों और आदिवासियों के आनुवंशिक गुण व लक्षण कमोबेश एक जैसे हैं। इसलिए आर्य और द्रविड़, अनार्य के परिप्रेक्ष्य में कोई विभाजित रेखा खींचने की जरूरत नहीं रह जाती ? इस अध्ययन से सामने आया है कि जब भारतीय समाज में निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई तब अलग-अलग कबीलों या समूहों से जातियों का उदय हुआ। फ्लस्वरूप अखण्ड भारत का उत्तर और दक्षिण भारत में विभाजन तो व्यर्थ है ही कबीले और जातियां भी बेमानी हैं क्योंकि सभी भारतीय समुदाय व जातियां एक ही कुटुम्ब से विकसित हुए हैं।

ये शोध भाषा, रंग और नस्ल जैसे भेद भरे विभाजक छद्म को भी नामंजूर करते हैं। दरअसल उत्तर और दक्षिण के विभाजन की बात तो अंग्रेज हुक्मरानों ने बांटों और राज करो के दृष्टिकोण के चलते की थी। उन्नीसवीं शताब्दी में योरोपीय विचारकों ने अपने वंशों के लोगों को श्रेष्ठ साबित करने के नजरिए से रंग व नस्ल के आधार पर श्रेष्ठता की अवधारणा गढ़ी। मसलन गोरा रंग श्रेष्ठ माना गया। इसी के अनुसार गोरे, गेहुएं और तांबई त्वचा वाले उत्तर भारतीय श्रेष्ठ और काले या सांवले रंग वाले दक्षिण भारतीय हेय मान लिए गए। उत्तर की भाषा संस्कृत और दक्षिण की भाषाओं को भिन्न परिवारों में रखा गया। जबकि इन सभी भाषाओं की जननी संस्कृत रही है। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं एक ही आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्त्रोत संस्कृत है। इससे भी यह निश्चित होता है कि आदिकाल में एक ही परिवार की आर्य भाषाएं बोलने व लिखने वाले पूर्वज कहीं एक ही स्थान पर रहे हैं। बंगाली इतिहासकार ए.सी. दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल 'सप्त सिंधु' मानते हैं जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही हैं। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव किए जाने जरूरी हैं। अतएव नए शोधों से आए परिणाम की इस सैद्धांतिकी को स्वीकारा जाना चाहिए।

**(लेखक, साहित्यकार व वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**
**यह निजी विचार है।**

## खास खबर

### ऑल राउंडर प्रदर्शन करने वाले मुकेश ध्रुव रहे मैन ऑफ द मैच

**रायपुर।** जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नेताजी सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 16 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मध्य खेला गया। इस सेमीफाइनल मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 205 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह बनाई है। दूसरा सेमीफाइनल में अब नगर निगम का मुकाबला पुलिस विभाग से गुरुवार की शाम को होगा। फाइनल शनिवार होगा । मंगलवार को खेले गए मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम टॉस जीतकर प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करने उतरी और बल्लेबाज मुकेश की 103 रन और आकाश के 82रनों की आतिशी पारी से पूरी टीम 205 रन का लक्ष्य दिया। खेल एवं युवा कल्याण की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 110 रन बना सकी। ऑल राउंड प्रदर्शन करने वाले 4 विकेट और 103 बनाने वाले मुकेश मैन ऑफद मैच रहे। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में मतदाताओं को अपने बहुमूल्य मतदान देने के लिए नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा ने मतदाताओं को शपथ दिलाई एवं इस मैच में स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्व दीप सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्केच आर्टिस्ट सूरज सिन्हा को मिला सम्मान

**गरियाबंद।** अयोध्या में हुए प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के रूप में रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में छपाक आर्ट शाला की टीम के साथ मिलकर लगभग 6 टन धान और कुछ चावल की सहायता से लगभग बीस हजार वर्ग फीट में प्रभु श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा रंगोली के रूप में बनाई गई थी जिसे बनाने में 3 दिवस का समय लगा, यह धान से निर्मित विश्व की सबसे बड़ी रंगोली रही जिसके लिए इंद्रकला और संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री से सम्मानित ममता चंद्राकर के द्वारा आज रायपुर मे सम्मानित किया गया और सर्टिफिकेट वितरण किया गया।इस उपलक्ष्य में आर्टिस्ट सूरज सिन्हा ने कहा की यह सम्मान प्रभु श्रीराम जी को समर्पित है।हमारे छत्तीसगढ़ से प्रभु श्री राम जी का खास नाता रहा है यह उनका ननिहाल है। 500 वर्षों की तपस्या पूर्ण होने उपलक्ष में यह रंगोली बनाई गई।

### कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में धुआंधार प्रचार

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के वार्ड 1, 12,13,14, 15,16, 19,20 एवं 23 में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में प्रचार किया। नागरिकों से मुलाकात कर उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्री ताम्रध्वज साहू को वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को बताया कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी किया है जिसमें केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर गरीब परिवार की महिला को महालक्ष्मी योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। देशभर के युवाओं को 30 लाख सरकारी नोकरी, भूमिहीन परिवार को जमीन, किसान न्याय के तहत काम से कम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा और सरकार आने पर देश मे नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के बाद परामर्श कर और उसमें संशोधन किया जाएगा जैसी कई अहम घोषणाएं हैं।

# रायगढ़ में सीएम साय ने भरी हुंकार कहा : फिर इस बार मोदी सरकार

रायगढ़। लोकसभा में अपनी हार निश्चित देखकर प्रदेश के कांग्रेसी बौखला गए हैं। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगातार अमर्यादित बयान दे रहे हैं। कोई लाठी से सर फोड़ने की बात कह रहा तो कोई डिफाल्टर बोल रहा है। कांग्रेसियों की मोदी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी बहुत ही शर्मनाक है। इसका करारा जवाब देना है, कांग्रेस को सबक सिखाना है।



रायगढ़ में आयोजित विशाल नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। उन्होंने कहा कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत बूढ़ी माई और सत्यनारायण बाबा के जयकारे से की। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के 4 बार सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ और रायगढ़ लोकसभा की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन करता हूँ। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत बूढ़ी माई और सत्यनारायण बाबा के जयकारे से की। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के 4 बार सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ और रायगढ़ लोकसभा की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन करता हूँ। सीएम साय ने भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र के बारे में कहा कि हमने देशवासियों के हित के लिए संकल्प पत्र जारी किया है। जिसे मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती। इसलिए मोदी को चुनिए, संकल्प पत्र का सभी वादा पूरा होगा।

### राधेश्याम राठिया के लिए मांगे वोट

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को जनसेवा का लम्बा अनुभव है। उन्होंने सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, एसटी मोर्चा और किसान मोर्चा सब में काम किया। राधेश्याम राठिया को काम करने का लम्बा अनुभव है और वे मृदुभाषी और कर्मठ हैं। उनको कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजना है। ये आप सभी से आग्रह करने आया हूँ।

### विष्णु बने राधेश्याम के प्रस्तावक

विशाल जनसभा और भव्य रैली के पश्चात रायगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कलेक्टोरेट में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पत्थलगांव विधायक गोमती साय उनके प्रस्तावक बने। इस दौरान कैबिनेट मंत्री द्वय रामविचार नेताम, ओपी चौधरी और जशपुर विधायक रायमुनी भगत भी कलेक्टोरेट परिसर में मौजूद रहे। नामांकन रैली में मुख्यमंत्री के समक्ष एक बार फिर से कांग्रेसियों में भाजपा प्रवेश की होड़ दिखी। कांग्रेस के बड़े नेता विवेक सिंघानिया ने भाजपा में प्रवेश किया। शहर के जाने माने कारोबारी विक्की उर्फविवेक सिंघानिया कांग्रेस का बड़ा चेहरा थे, जिन्होंने भाजपा ज्वाइन किया। इसके अलावा विकास गुप्ता, संतोषी डडसेना लखन लाल, अमित सोनी, विजय सोनी सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया और रायगढ़ लोकसभा में भाजपा को प्रचंड मतों से जिताने का संकल्प लिया।

### विष्णु सरकार ने मोदी की गारंटी को प्राथमिकता से पूरा किया - ओपी

रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने अपने संबोधन के जरिए युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के प्रमुख वादे को प्राथमिकता से पूरा किया है और बचे वादों को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के रूके हुए 18 लाख मकानों को स्वीकृत किया है। दो साल से रूका हुआ बोनस 3716 करोड़ रूपए का भुगतान कर वादा निभाया। भूपेश बघेल सरकार ने किसानों को तरसा-तरसा कर पैसा दिया था, लेकिन विष्णु देव साय सरकार ने एकमुश्त किसानों को अंतर की राशि दी है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की दो किश्त हमारी सरकार ने दी है, अगला किश्त आने वाले 3 मई तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलला के 500 साल के वनवास को भी प्रधानमंत्री ने दूर कर प्रभु राम का भव्य मंदिर बनाया। कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा, मोदी की गारंटी में ये ऐलान किया गया है।

### ये फाइनल चुनाव है, मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है - नेताम

नामांकन रैली में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि ये रायगढ़ का सौभाग्य है कि इसी संभाग से मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव सेमीफाइनल था और लोकसभा का ये चुनाव फाइनल है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा कर बड़ा काम किया है और अब हमें हर बूथ में 370 से ज्यादा वोट डलवाना है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने घटिया दारु बेचने वाले को बस्तर से टिकट दिया है। कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ और अपराध का गढ़ बना दिया था। कैबिनेट मंत्री नेताम ने सभा में उपस्थित लोगों से एक बार फिर अब की बार 400 पार के नारे पर अमल करते हुए राधेश्याम राठिया के पक्ष में मतदान करने एवं मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया।

# महाष्टमी पर सिहावा शीतला शक्ति पीठ मंदिर में हुआ हवन पूजन

**सिहावा।** चैत्र नवरात्रि के महाष्टमी पर शीतला शक्ति पीठ सिहावा में हवन पूजन पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। परम्परानुसार पंडा पुजारियो द्वारा माता शीतला का पूजा अर्चना कर देवी मां के स्वरूप नव कन्याओं व लँगूरवा महराज का पूजन कर उन्हें भोज कराया।



तदुपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में विभिन्न प्रकार की औषधि युक्त हवन सामग्रियों , सांखला का उपयोग कर यज्ञ में ज्योति धारी व अन्य श्रद्धालुओं ने प्रथम अध्याय से तेरहवें अध्याय तक क्रमश: यज्ञ भवन में प्रवेश लेकर यज्ञ में आहुति प्रदान कर पूर्णाहुति में भाग लिया व माता की आरती उतार कर सुख समृद्धि की कामना की। प्रात:10बजे कन्या पूजन के बाद हवन पूजन प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चला। इस दौरान देवी उपासना की महत्ता बताते हुए आचार्य चन्द्रहास दुबे ने कहा कि नवरात्रि में पूजा पाठ जप तप साधना, हवन करने से मन मे व्याप्त विकारों का नाश व वातावरण में शुद्धता के साथ माता की असीम कृपा प्राप्त होती है।समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि नवमी को प्रात: ज्योत ज्वारा का विसर्जन परम्परानुसार किया जाएगा तथा 12 बजे दिन से राम जनमोत्स्व धूम धाम से मनाया की तैयारी की गई है।। शीतला समिति के संरक्षक कलम सिंह पवार, सचिव नेम सिंह बिशेन,सह सचिव नरेंद्र नाग,नारद निषाद, बुधेस्वर साहू, कोशाध्यक्ष गेंदलाल यादव मंच संचालक तुकाराम साहू,गोरखनाथ शांडिल्य, गेंद लाल शाण्डिल्य पुजारी ज्ञान सागर पटेल ,परमेश्वर नेताम ,नोहर साहू,बलदेव निषाद,राजकुमार निषाद, रवि ठाकुर,छबि ठाकुर,भरत निर्मलकर,सचिन भन्साली, संजय सारथी,रामलाल नेताम,महेंद्र कौशल, ललित निर्मलकर,कुँवर साहू, बबलू गुप्ता, मंशा राम गौर,जग्गू साहू,नरेश पटेल,संतोष पवार,महेश साहू, लालजी साहू, महेंद्र साहू, अभय नेताम, खि़रभन शाण्डिल्य,द्वारिका साहू नवल साहू, दिनेश पटेल,शंकर पटेल,,चंदन देवांगन,अंश गौतम ,सुमेरू शांडिल्य, मेहतर गौर, योगेश निषाद,भरत शांडिल्य,दशे लाल ध्रुव,सुखदेव निषाद,पुजारी राम प्रसाद मरकाम,बैजनाथ पटेल, बुधु सोम,पूरन बिसेन आदि व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

# लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने जिले के युवा मतदाता हो रहे उत्साहित



**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र धमतरी, कुरूद और कांकेर लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र सिहावा के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले के महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार मतदान करने जा रहे धमतरी निवासी लोकेश कुमार नेताम ने कहा कि मैने हाल ही में अपनी बारहवीं कक्षा की पढ़ाई पूरी की है और अग्निवीर सेना की भर्ती के लिए तैयारी कर रहा हूं।

उन्होंने बड़े उत्साह के साथ बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मुझे लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का अवसर मिल रहा है। मतदान के दिन मैं स्वयं वोट डालने जाउंगा और आसपास के दोस्त, पड़ोसी और परिवार के लोगों को भी मतदान के लिए लेकर जाउंगा। वहीं ग्राम मुजगहन की चेष्टा ध्रुव बतातीं हैं कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में आगामी 26 अप्रैल को मैं पहली बार मतदान करूंगी। मुझे काफी खुशी महसूस हो रही है कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाउंगी। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके अपनी सहेलियों और सहपाठियों सहित आसपास के लोगों को भी अपने बहुमूल्य वोट का उपयोग करने की बात कही।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। इसका प्रभाव जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं में दिखाई देने लगा है। मतदाताओं को जागरूक करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मनरेगा और अन्य मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र, रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलिंटियर्स, दिव्यांग स्कूलों के विद्यार्थी, महाविद्यालयीन विद्यार्थी सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों के जरिए स्वीप सायकल रैली, रंगोली, कलश यात्रा, दिवार लेखन, मेहंदी सजावट, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, शपथ, विभिन्न पर्वों में मिलन के दौरान मतदान की शपथ इत्यादि कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

# जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सभी का सहयोग आवश्यक - सामान्य प्रेक्षक

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग आवश्यक है।



आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपनी शिकायत एवं समस्याओं के संबंध में सम्पर्क नम्बर पर जानकारी दे सकते हैं तथा न्यू सर्किट हाउस में प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक मिल सकते है। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। बैठक में महासमुंद जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मनीष कुमार दबास, धमतरी एवं गरियाबंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री रामप्रभु उड़ई आर., कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू मौजूद थे तथा पुलिस प्रेक्षक श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण व अभ्यर्थीगणों में श्री ताम्रध्वज साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, महेश स्वर्ण निर्दलीय, नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना भारत देश, डॉ. आत्मानवरत्न बसपा, संतोष बंजारे निर्दलीय, दाउलाल चंद्राकर, देवीचंद राठी, श्री अमित साहू बैठक में शामिल थे। बैठक में सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि सीलिंग कार्य के समय सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस निर्वाचन में चूंकि अभ्यर्थियों की संख्या 17 है इसलिए दो बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपैट मशीन का उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सुबह 5:30 बजे मॉक पोल प्रारम्भ होगा।

# मतदान केंद्रों में पहुंचे सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू ने आज बालोद जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़े तैयारियों का जायजा लिया। सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू ने डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दुधली के मतदान केन्द्र क्रमांक 103 एवं 104 का निरीक्षण कर तैयारियों का अवलोकन किया।

उन्होंने मौके पर उपस्थित बीएलओ से पिछले विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान मतदान केन्द्र में पड़े कुल मतदान के प्रतिशत के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने तहसीलदार श्री हेमंत पैकरा से मतदान केन्द्र में मतदान दिवस में पेयजल एवं छांव इत्यादि की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए शुद्ध पेयजल, छांव इत्यादि के अलावा सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसी तरह सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू ने कन्या शाला बालोद के अलावा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान की तिथि निकट होने के फलस्वरूप सभी मतदान केन्द्रों में शीघ्र जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# लेजिस्लेटिव थियेटर पर नाटक ''परदेसी क्यों'' का मंचन

**राजनांदगांव,** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर जन संस्कृति कोलकाता और सृजन सामाजिक संस्था राजनांदगांव द्वारा लेजिस्लेटिव थियेटर विषय पर स्थानीय लायंस क्लब भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पलायन के मुद्दे पर नाटक ''परदेसी क्यों..?'' का मंचन किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सृजन सामाजिक संस्था के संचालक शरद श्रीवास्तव ने बताया कि नगर में पहली बार लेजिस्लेटिव (विधायी) थियेटर का प्रदर्शन किया गया। कोलकाता की जन संस्कृति संस्था के नाट्यदल द्वारा नाटक मंचन के पश्चात् दर्शकों से पलायन संबंधी विषय पर गंभीर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कोलकाता से आए नाट्य निर्देशक डॉ. संजय गांगुली, आनंद वर्गिस, आलोक शर्मा, नीरज बाजपेयी, सुदेश यादव और दिलीप खंडेलवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विपिन ठाकुर ने किया। नाटक परदेशी क्यों पलायन पर आधारित था। नाटक के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया कि किन परिस्थितियों में भारी संख्या में लोग रोजी रोटी के लिए परिवार सहित पलायन कर जाते हैं और उसके बाद उन्हें किन किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। दर्शक के रूप में कार्यक्रम में अधिवक्तागण, पैरालीगल वालंटियर, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् एंव बुद्धिजीवि वर्ग उपस्थित थे। नाटक के मंचन के पश्चात दर्शकों से सुझाव, सलाह और विषयवस्तु आधारित विचार विमर्श किया गया, जिसमें सभी दर्शकों ने सक्रिय रूप से बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# भूपेश ने नक्सलियों के एनकाउंटर को फर्जी बताकर जवानों के शौर्य का अपमान किया : शर्मा

**उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा : नक्सली दलम ने स्वीकार किया कि हमारे साथी मारे गए, और बघेल फर्जी एनकाउंटर बताकर झूठ फैला रहे हैं**

**बघेल प्रदेश से बिना शर्त माफी मांगें,**

**रायपुर ।संवाददाता।**

**छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने 29 नक्सलियों के मारे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस एनकाउंटर को फर्जी बताने को जवानों के शौर्य का अपमान बताया है। श्री शर्मा ने सवाल किया, 'जिन घायल जवानों से मैं अस्पताल में मिलकर आया हूँ, क्या वह भी फर्जी है? बघेल को इस बात का जवाब देना होगा।'**




बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि 29 नक्सलियों का एनकाउंटर डी आर जी, CRPF, बस्तर फाइटर,ष्टस्न, पुलिस विभाग के अधिकारियों और बहादुर जवानों के साहस और रणनीति का कमाल है। हमें उन पर गर्व है। यह प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा एनकाउंटर है। बघेल अपने झूठ और जवानों के अपमान के लिए जवानों और प्रदेश से बिना शर्त माफी मांगें।अन्यथा जनता उन्हें माफ नही करेगी।

उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह वर्दीधारी सारे-के-सारे 29 लोग बंदूकधारी थे। उनके पास से एसएलआर, इंसास, एके-47, 303 राइफल्स, यह सब मिले हैं। भूपेश बघेल बताएँ कि क्या यह सब गलत है? पूरे समाज में इस तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश एकदम गलत है। बघेल ने अपने शासनकाल में ढाई सौ सड़के बनाने के लिए कभी ध्यान नहीं दिया। 90 से अधिक पुल-पुलिया बनाने पर ध्यान नहीं दिया। कभी किसी ऑपरेशन के लिए भी पहल नहीं की। जब भाजपा के कार्यकर्ताओं की हत्या होती रही, आम ग्रामीण की,अन्य लोगों की हत्या होती रही तो घड़ियाली आँसू बहाते रहे और आज इस तरह झूठ फैला रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि नक्सली दलम ने पत्र जारी कर स्वीकार किया है कि हमारे अब तक 50 से ज्यादा साथी मारे गए हैं और पुलिस ने भी यही आँकड़ा जारी किया था। जवानों ने जान की बाजी लगाकर यह काम किया है। श्री शर्मा ने इसके प्रमाण के तौर पर नक्सलियों द्वारा जारी किया गया पत्र भी दिखाया।

कांग्रेस हमेशा झूठ और भ्रम फैलाने का काम करती है, उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेता राहुल गांधी ने भी सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे ।

उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि देश के खिलाफबड़ा षड्यंत्र माओवादी रच रहे हैं और दुर्भाग्य से हमारे ही बीच के कुछ लोग उनका मनोबल बढ़ाने वाला बयान देते हैं। लेकिन, हम इसे कतई बर्दाश्त नही करेंगे और वह चाहे कोई भी व्यक्ति या संगठन हो, प्रदेश सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश से आतंकवाद, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जोरो पर है। कश्मीर में धारा 370 हटी, तो वहां शांति और विकास आया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म करने के प्रति केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह गंभीर हैं। प्रदेश सरकार उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ रही है। बस्तर में शांति बहाल हो, खूनखराबा बंद हो, यह हमारी प्राथमिकता है हम इसके लिए आज भी बातचीत का रास्ता अपनाने को तैयार है।

श्री शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्यजनक है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे बघेल जवानों के शौर्य को अपमानित कर रहे हैं। उनको कम-से-कम ऐसा नहीं कहना चाहिए। भूपेश बघेल अपने बयान के लिए जवानों, बस्तर फाइटर के जवानों, बीएसएफ के जवानों और सीआरपीएफ के जवानों से माफी मांगें। श्री शर्मा ने कहा कि झीरम घाटी कांड को लेकर राहुल गांधी ने पहले यही बात बिलासपुर में कही थी। भूपेश बघेल ने तो कहा था कि झीरम घाटी के सबूत मेरी जेब में रखे हैं, तो आज तक जेब में ही क्यों रखे बैठे हैं, निकालते क्यों नहीं?

## बीते दिन 2 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन एवं 11 अभ्यर्थियों ने लिया नामांकन पत्र

**जांजगीर-चांपा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन में आज कुल 11 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया और 2 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री आकाश छिकारा के समक्ष जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि आज श्री आलोक कुमार सोनवानी राष्ट्रीय हिन्द एकता दल, श्रीमती मीना चौहान निर्दलीय, श्री जगजीवन राम सतनामी आजाद जनता पार्टी, श्री अनिल मनहर हमर राज पार्टी, श्री मनहरण लाल भारद्वाज गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, श्री आनंद राम गिलहरे स्वतंत्र पार्टी, श्री कौशल जांगड़े राष्ट्रवादी भारत पार्टी, श्री गोपाल प्रसाद खुंटे भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, श्रीमती बिन्दा चौहान छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, श्री दिनेश कुमार बंजारे निर्दलीय, श्री नंद कुमार लहरे सर्व आदि दल ने नाम निर्देशन पत्र लिया। इसके साथ ही आज तिहारू राम निराला निर्दलीय ने 02, श्रीमती विद्या देवी सुन्दर समाज पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

## खास खबर...

### रामनवमीं पर सवा करोड़ हनुमान चालीसा का आयोजन आज

**रायपुर ( ए. )।** सृजन संस्थान जीवन प्रबंधन समूह एवं श्री हनुमान महापाठ समिति रामनवमीं के शुभ अवसर पर बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम में पं. विजयशंकर मेहता के नेतृत्व में सवा करोड़ हनुमान चालीसा का आयोजन विगत वर्षों की भांति 17 अप्रैल को शाम सात बजे आयोजित करेगी। उक्त कार्यक्रम में लगभग 15 से 20 हजार श्रद्धालु शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में पत्रकारवार्ता में महापाठ समिति के राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंधड़ा एवं मुकेश शाह ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकार वार्ता में मुकेश शाह ने बताया कि उक्त आयोजन पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है यह आयोजन पूरे देश भर में शाम सात बजे से ही प्रारंभ होता है। इस वर्ष पाकिस्तान में भी कुछ शहरों में भारतीय समयानुसार शाम सात बजे हनुमान महापाठ का आयोजन होगा। इससे पूर्व कलाकारों द्वारा शाम छह बजे भजनों का आयोजन किया गया है। महापाठ में हनुमान जी द्वारा पूरे जीवन में की गई आठ छलांगों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा।

### व्यापमं : प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में हुआ बदलाव

**रायपुर ( ए. )।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव किया है।



व्यापम की अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के कारण प्रवेश एवं पात्रात परीक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है। व्यापम ने इसके पहले परीक्षा की संभावित तिथि 12 फरवरी को जारी की थी। उस वक्त लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित नहीं की गई थी। अब चुनाव की तारीखों केआधार पर व्यापम ने नई समय सारिणी घोषित की है। बीते वर्ष आरक्षण संबंधित विवाद के कारण व्यापम द्वारा तय समय पर प्रवेश परीक्षाएं नहीं ली जा सकी थी। अन्य भर्ती परीक्षाओं की तरह प्रवेश परीक्षाओं में भी विलंब इसके कारण हुआ था। जुलाई माह तक व्यापम ने प्रवेश परीक्षाएं ली थी। कई के परिणाम अगस्त माह तक जारी किए गए। थोक में ऐसे पाठ्यक्रम रहे, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया अथवा काउंसिलिंग सितंबर महीने से ही शुरु हो सकी। इस बार भी लगातार दूसरे वर्ष व्यापम की परीक्षा जुलाई माह तक चलेगी। ऐसे में प्रवेश में पुन: अगस्त-सितंबर से प्रारंभ होने की आशंका है। शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि यथावत रखी गई है। यह परीक्षा 23 जून को ही होगी।

परीक्षा में कुल 1016 प्रतिभागी हुए चयनित , यूपीएससी-मेन्स-2023-का-परिणाम-जारी

# छग के 4 प्रतिभागियों का चयन, आईएएस की बेटी ने हासिल की 202वीं रैंक

**रायपुर (ए.)। यूपीएससी मेन्स-2023 का परिणाम जारी हो गया है। परीक्षा में इस बार छत्तीसगढ़ के 4 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। जिनमें अनुषा पिल्लै, अभिषेक डेंगे, प्रीतेश सिंह राजपूत और रश्मि पैकरा शामिल हैं।**




अनुषा पिल्लै ने परीक्षा में 202 रैंक हासिल की है। अनुषा आईएएस रेणु पिल्लै और आईपीएस संजय पिल्लै की बेटी हैं। बता दें कि अनुषा के पहले उनके भाई अक्षय पिल्लै ने भी 2021 यूपीएससी 51 रैंक हासिल किया था। वर्तमान में अक्षय पिल्लै उड़ीसा कैडर के आईएएस अफसर हैं।

### प्रीतेश वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर के तौर पर पदस्थ

छत्तीसगढ़ के अन्य चयनित प्रतिभागियों में प्रीतेश सिंह राजपूत ने 697 रैंक हासिल किया है। वहीं लोरमी के रहने वाले प्रीतेश वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर के तौर पर पदस्थ हैं। वहीं नीट पास आउट अभिषेक डेंगे रायपुर के रहने वाले हैं। वहीं इस परीक्षा में चयनित हुईं रश्मि पैकरा बलरामपुर की रहने वाली हैं।

परीक्षा में कुल 1016 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। इनमें से टॉप-20 में 15 लड़कों और 5 लड़कियों ने अपनी जगह बनाने में कामयाब हुए है। लिस्ट (यूपीएससी मेन्स-2023 का परिणाम जारी) में पहले स्थान पर लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव हैं, तो वहीं दूसरे स्थान पर अनिमेष प्रधान और तीसरे पर डोनुरु अनन्या रेड्डी हैं।

## यूपीएससी में अनुषा पिल्ले को मिली ने 202वीं रैंक, कलेक्टर ने दी बधाई



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अनुषा पिल्ले के चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अनुषा आज घोषित परिणाम में 202वीं रैंक हासिल की। वह सेवा निवृत्त डीजीपी संजय पिल्ले एवं अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले की सुपुत्री है।

# वेंडिंग जोन, वाई-फाई सहित मिलेगा चार्जिंग पॉइंट

**निगम आयुक्त मिश्रा ने किया गांधी उद्यान के पास बने सीटिंग जोन का निरिक्षण**

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के चार जगहों का निरीक्षण किया, जहां वेंडिंग जोन के साथ ही सीटिंग जोन बनाने की भी योजना बनाई गई है। गांधी उद्यान के पास परीक्षण के लिए एक सीटिंग जोन बनाया गया है। ये 8 सीटर है। इसमें वाई फाई और चार्जिंग पॉइंट लगाया जाएगा। वेंडिंग जोन इसके आसपास बनाएं जाएंगे। लोग वेंडिंग जोन से खाने का सामान खरीद कर सिटींग जोन में बैठकर आराम से खा पी सकेंगे। साथ ही वाई फाई का भी आनन्द ले सकेंगे। मोबाईल की बैटरी भी चार्ज कर सकेंगे।



मंगलवार को निगमायुक्त मिश्रा ने इसका निरीक्षण किया। उन्हें ये पसन्द भी आई। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को कुछ दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी जगहों के वेंडिंग कार्ट और सीटिंग जोन के रंग में एक रूपता होनी चाहिए। रंग भी अच्छा होना चाहिए। जिसे देखकर ही लोगों के लगे कि ये वेंडिंग जोन है और वे आकर्षित हो सकें।

उन्होंने गांधी उद्यान के साथ ही पुजारी पार्क, जब्बार नाला के पास पाम बैलीजियो के नजदीक की जगह, बूढ़ापारा धरना स्थल की खाली जगह और आमानाका के पास की जगहों का भी निरीक्षण किया। इन जगहों पर उन्होंने ये भी परखा की वेंडिंग जोन में आने वाले अपनी गाड़ियां किस जगह पर पार्क कर सकेंगे। निगम के एनयूएलएम के प्रभारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि इन चारों जगहों पर पीपीपी मोड पर 500 वेंडिंग कार्य लगाने की योजना है। ये कार्ट उन जगहों के आसपास के रजिस्टर्ड वेंडर को ही दिया जाएगा।



### निगमायुक्त ने ली आर्थर-ओला के अधिकारीयों की बैठक

कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को इलेक्ट्रिक टू व्हीलर आर्थर और ओला के अधिकारियों के साथ बैठक कर चार्जिंग स्टेशनों पर चर्चा की। शहर के प्रत्येक जगहों पर 3 महीने के भीतर चार्जिंग स्टेशन लगाने की योजना बनाकर समयबद्ध तरिके से कार्य करने के लिए कहा गया।

अभी तक आर्थर कम्पनी ने 6 जगहों पर और ओला कम्पनी ने 1 जगह पर पर चार्जिंग स्टेशन लगा भी लिया है। आर्थर कम्पनी ने जी ई रोड के पास ग्रेंड हयात, वीआईपी रोड में बिहान कैफे, जयस्तम्भ चैक के पास मल्टी लेबल पार्किंग के पास, डंगनिया में रालास मोटर्स के पास तथा शदाणी दरबार के पास चार्जिंग स्टेशन लगाया है। वहीं ओला ने तेलीबांधा में करेंसी टावर के सामने पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाया है। इस स्टेशनों में फास्ट चार्जर लगाए गए हैं जिसमें मात्र 10 मिनट में टू व्हीलर चार्ज हो जाएगा। वहीं फोर व्हीलर के लिए थोड़ा समय लगता है। निगम कमिश्नर मिश्रा ने कहा कि आम नागरिकों को आसान चार्जिंग स्टेशन मिले इसलिए शहर के सभी जगहों पर 3 महीने के भीतर लगाई जाए। मिश्रा ने कहा कि कोई व्यक्ति यदि 30-40 किमी गाड़ी चलाने की जरूरत महसूस करता है तो उसे नजदीक में कहीं चार्जिंग स्टेशन मिल जाए। अधिकारियों ने बताया कि इस पर तेजी से काम चल रहा है। निगम की ओर से भी उन्हें स्टेशन बनाने जगह बताया गया है।

## बौद्ध समाज ने मनाई अम्बेडकर जयंती



**रायपुर ( ए. )।** बौद्ध समाज राजा तालाब रायपुर के तत्वाधान में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पूर्व अनुसार बड़ी ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई सभी समाज के प्रमुखजन समारोह में शामिल हुए। जयंती कार्यक्रम का प्रारंभ बुद्ध वंदना से की गई इसकी बाद एक महा रैली महारैली निकल गई यह रैली बाबा साहेब अंबेडकर भवन राजा तालाब रायपुर से प्रारंभ होकर गांधी चौक राजातालाब आदर्श चौक नूरानी चौक होते हुए अंबेडकर चौक कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई।

इस रैली में समाज के संरक्षक एन के जाधव, यादव राव शेलकर और खरे जी एवं महिला प्रतिनिधि में उपाध्यक्ष तुलसा सेलकर, महा सचिव सुमन सेलकर एवं करुणा बन्सोडे शामिल हुई ।रैली का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया इस जयंती के उपलक्ष में प्रसाद बांटा गया और बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से रैली कलेक्ट्रेट परिसर के समक्ष अंबेडकर चौक पहुंची ।वहां पर हमारे समाज की प्रमुख जनों का अंबेडकर जयंती समिति के द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। आज इस आयोजन में रामा राव गवली, राहुल इंगले, नम्रता भोसले,ललित सोरठे, हितेश बन्सोडे,तथागत बागड़े अंजय भोसले, मोनू फुलझेले, एवं समाज के सभी सदस्य शामिल हुए।

# डांडिया के माध्यम से दी शत प्रतिशत मतदान का संदेश, महिलाओं ने निभाई हिस्सेदारी

**बलौदाबाजार/रायपुर ( ए. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में लगातार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायत विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज नवरात्र के सातवें दिन जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पलारी में भी स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के एल चौहान एवं सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे भी शामिल हुई। उक्त आयोजित डांडिया समारोह में प्रतिभागियों ने डांडिया कर जिले वासियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।




सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तख्ती एवं पोस्टर के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने अपने मतों उपयोग करनें संदेश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा यह लोकतंत्र का उत्सव है जो पांच साल में एक बार आता है। अत: इस ऐतिहासिक उत्सव में हम सब की सहभागिता अनिवार्य है। इस मौके जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ श मंडावी, सीएमओ भोई, साक्षर भारत सोमेश्वर राव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिले के विभिन्न गांवों एवं शहरों में जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों स्वीप की गतिविधियों को तेज कर दी गई।

प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय, रायपुर में जुटे समाज के लोग

# भगवान की अष्टधातु की मूर्ति निर्माण होने से यादव समाज में हर्ष

**रायपुर ( ए. )।** प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज का मासिक बैठक रायपुर राज मुख्यालय ठेठवार भवन रायपुर में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की तैल चित्र पर माल्यार्पण व आरती गायन के साथ किया गया।

प्रदेश महासचिव नरोत्तम यदु ने बैठक के उद्देश्य व अष्टधातु से श्रीकृष्ण की मूर्ति निर्माण हेतु कार्ययोजना को विस्तार से बताया। इसके बाद समाज के लोगों ने क्रमश: अपने-अपने विचार रखे। रामसिंह यादव, परमानंद यादव संतोष यदु, बसंत यदु विमल यदु हरिराम यदु, भोजराम अहीर, भगत, एवं सामाजिक जनों ने अपना विचार रखे। नागेश यदु प्रदेश उपाध्यक्ष ने बैठक की बिंदुओं को रखते हुए विचार आमंत्रित कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये। जिसमें निम्न प्रस्ताव पारित किया गया। यादव ठेठवार समाज महासभा का शताब्दी वर्ष 2026 में पूर्ण होने जा रहा है। शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने श्रीकृष्ण भगवान की अष्टधातु से मूर्ति निर्माण कर स्थापना करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है।

महासभा मुख्य कार्यकारी, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक आयोजित कर संचालन समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों से अष्ट धातु दान लेने का निर्णय लिया गया। अष्ट धातु मूर्ति निर्माण हेतु समर्पण राशि एकत्रित करने प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के खाते में राशि जमा करने प्रस्ताव पारित किया गया। अष्ट धातु का संग्रहण कर गांव से पार, पार से



राज और राज से प्रदेश स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक राज पार मे जन जागरण जागरुकता अभियान हेतु प्रवास समिति बनाया जायेगा। अष्टधातु संग्रहण पूर्व बैठक में लिए प्रस्ताव अनुसार चैत्र नवरात्र पर 9 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। अंतिम तिथि 15 जून 2024 तक राजपार जिला ईकाईयों द्वारा धातु संग्रहित कर प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज महासभा को धातु समर्पण रथयात्रा को निर्धारित किया गया है।

आगामी 19 मई को प्रदेश मुख्यालय राजिम में गुलेन्द्र यादव प्रदेश अध्यक्ष महासभा के सहमति से महासभा कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त बैठक में रामसिंह यादव प्रदेश संरक्षक, बलराम यादव प्रदेश सलाहकार, परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, नागेश यदु प्रदेश उपाध्यक्ष, संतोष यदु रायपुर राज अध्यक्ष, रामजीवन, बसंत यदु प्रदेश संगठन मंत्री, यदु, विमल यदु प्रदेश संगठन मंत्री, शशिकांत यदु प्रदेश मीडिया प्रभारी, पुरुषोत्तम अहिर प्रदेश प्रचार मंत्री, हरीराम यदु, ओमप्रकाश यादव अध्यक्ष अंबागढ़ चौकी राज, डॉ. ईतवारी यदु अध्यक्ष तेंदुआ पार, भोजराम अहीर कोषाध्यक्ष गुड़ा राज, अमित अहिर अध्यक्ष गुड़ा राज, हीरा राम यदु अध्यक्ष बेलर पार, बसंत यदु अंबागढ़ चौकी राज, तेजराम यादव अध्यक्ष सिरपुर राज, सुनील यदु, बंशी लाल यदु, कोषाध्यक्ष रायपुर राज, यशवंत यादव सहसचिव रायपुर राज, चंदन, शोभाराम यादव धमतरी राज, हृदय राम यादव सभापति रायपुर राज, प्रवीण यदु कोषाध्यक्ष महानगर इकाई रायपुर, राजेश यादव सचिव कवर्धा राज, पवन यदु उपाध्यक्ष कवर्धा राज, हरिशचंद्र, भागीरथी, राज कुमार, हरिशंकर अहिर, अशोक यादव कोषाध्यक्ष भेलवाडीह पार, रुपेश यादव अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ महानगर इकाई रायपुर, भगत यदु, राविंदर सोजराम मुकेश आचार्य, सहित सामाजिक जन उपस्थित थे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी है।

# नामांकन में पहुंचे दिग्गज नेता,नामांकन जनसभा में उमड़ा सैलाब

**कोरबा, (आरएनएस)।** कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने मंगलवार को शुभ मुहुर्त में अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल उपस्थित रहे। ज्योत्सना महंत के नामांकन अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन एयर आडिटोरियम में आमसभा आयोजित की गई जिसमें कोरबा के अलावा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, भरतपुर सोनहत, मनेन्द्रगढ़ व बैकुंठपुर-कोरिया विधानसभा से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, जनपद, जिला पंचायत, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आठों विधानसभा से कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष, सेवा दल महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई व कांग्रेस के श्रमिक संगठनों से जुड़े कोने-कोने से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

नामांकन सभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के मात्र 2 सांसद भाजपा के 9 सांसदों पर भारी थे। पूरे 5 साल छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाते हुए हम अधिकारों के लिए लगातार लड़ते रहे। वे पूछते हैं कि 5 साल तक मैंने क्या कि तो वे जनता को बताएं कि 10 साल तक उन्होंने क्या किया। डबल इंजन की सरकार और भाजपा के 10 सांसद भी मिलकर ट्रेन नहीं चला पा रहे हैं, विकास तो दूर की बात। दरअसल उनके पास कांग्रेस-गांधी परिवार को बुरा कहने व नीचा दिखाने का एकमात्र मुद्दा है। वे सिर्फ मोदी की गारंटी लेते हैं लेकिन हम पूरे कांग्रेस की गारंटी लेकर देश में सरकार बनाने के लिए जनता के बीच आए हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि न्याय पत्र की गारंटी कांग्रेसियों को घर-घर पहुंचाना है। डॉ. शिव डहरिया, मोहन मरकाम, अर्चना पोर्ते ने भी अपनी बात रखी। दुर्ग में दाल नहीं गली तो कोरबा आई सरोज पाण्डेयः भूपेश बघेलः- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुटकियां लेते हुए कहा कि दुर्ग में सरोज पाण्डेय की दाल नहीं गली तो वे कोरबा आ गई हैं। श्री बघेल ने कहा कि मात्र 4 माह की विष्णुदेव सरकार में बिजली सांय-सांय कट रही है। गरीबों का चावल, आदिवासियों का चना, गुड़, शक्कर, नमक सांय-सांय बंद हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले ठगने का काम करते हैं, पहले रमन सिंह ने ठगा और अब साय की सरकार।

कटाक्ष किया कि विष्णुदेव को भोग लगाए बिना राइस मिलरों का डीओ नहीं कटता। चावल वाले भोग लगा रहे और दारू वाले तर्पणी कर रहे हैं। थप्पड़ कांड की गूंज कोरबा पहुंचीः- पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि संसद में कांग्रेस के 2 विधायकों ने 5 साल तक भाजपा के सांसदों व मोदी की नाक में दम कर रखा था और मुखरता से कोरबा लोकसभा की आवाज ज्योत्सना महंत उठाती रही। उन्होंने कहा कि जिन्हें दुर्ग की जनता ने नकार दिया, मतदाताओं ने नहीं अपनाया, उनको कोरबा में भेज दिया गया। दुर्ग लोकसभा में इनका थप्पड़ कांड भले लोग भूल गए हों लेकिन साहू समाज के एक व्यक्ति को थप्पड़ पर दुर्ग की जनता ने इन्हें कुर्सी से ही हटा दिया। एक तरफथप्पड़ मारने वाली तो दूसरी तरफ जनता की बात करने वाली आपके सामने है। श्री बैज ने कहा कि भाजपा 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी और छत्तीसगढ़ में हम भाजपा से अधिक सीटें जीतेंगे।

यादव समाज को गुण्डा कहते हैं बीजेपी वालेः- विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि बीजेपी वाले यादव समाज का विरोध करते हैं, गुण्डा कह रहे हैं। विधानसभा चुनाव में मात्र एक टिकट बीजेपी ने दिया जबकि कांग्रेस ने तीन लोगों को टिकट दी। लोकसभा में पूरे छत्तीसगढ़ से एक भी यादव समाज को टिकट नहीं दी गई जबकि कांग्रेस ने 2 प्रत्याशी यादव समाज के दिए हैं। कांग्रेस सभी जाति, धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है और इसे मजबूत करना है।

इनकी रही प्रमुख उपस्थितिः- इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री गुरू रूद्रकुमार, प्रदेश कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधायकगण डॉ. शिव डहरिया, दिलीप लहरिया, शेषराज हरबंश, रामकुमार यादव, बालेश्वर साहू, राघवेन्द्र सिंह, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, पुरूषोत्तम कंवर, मोहितराम केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, प्रशांत मिश्रा, प्रदेश कांग्रेस सचिव बीएन सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, शहर अध्यक्ष सपना चैहान, एसईसीएल इंटक के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, जीपीएम कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव, डमरू रेड्डी, नाजिर अजहर, डॉ. शेख इश्तियाक, तनवीर अहमद, श्यामनारायण सोनी, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष ।

## रश्मि पैकरा को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कंवर समाज के अध्यक्ष ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**रायपुर,** । कंवर आदिवासी समाज की गौरव एवं कंवर समाज की बेटी सुश्री रश्मि पैंकरा के वर्ष 2023 संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के परीक्षा में सफलता अर्जित कर 881वीं रैंक लाने पर कंवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरवंश मिरी द्वारा रश्मि पैंकरा को दूरभाष पर सफलता के लिए उन्हें और परिवार को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए सतत आगे भी तैयारी करते रहने और समाज के अन्य बच्चों को प्रेरित करने के लिए कहा। मिरी द्वारा बताया गया कि कंवर समाज छत्तीसगढ़ की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति समाज है और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्य के. लोकसेवा आयोग एवं अन्य परीक्षा में बड़ी संख्या में समाज के. बच्चे चयनित होते हैं लेकिन संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में समाज के तरफसे रश्मि पैंकरा दूसरी है इससे पहले हेमंत पैकरा जी वर्ष 2000 में चयनित होकर डिफेन्स में जॉब कर रहें हैं।

## अधिवक्ता संघ चुनाव: छत्तीसगढ़ बार काउंसिल ने मंगाया फुटेज

**कोरबा ।** हाल में हुए जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में मतपत्रों की गिनती में धांधली किये जाने की शिकायत पर स्टेट बार काउंसिल ऑफछत्तीसगढ़ ने एक्शन लेते हुए चुनाव का सीसीटीवी फुटेज मंगाया है। साथ ही उसकी एक प्रति शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराने को कहा है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सचिव को प्रेषित आदेश में बार काउंसिल के सचिव अमित कुमार वर्मा ने कहा है कि चुनाव में धांधली की शिकायत मिली है। जिसमें कहा गया है कि अधिवक्ता संघ कोरबा के सचिव पद के मतगणना में धांधली की वजह से गोपी कौशिक मुख्य चुनाव अधिकारी को तत्काल पुनरू मतगणना कराए जाने तक शपथ ग्रहण करने की कार्यवाही स्थगित रखे जाने, मतपेटियों में रखे मतों को तत्काल सीलबंद किये जाने, वीडियोग्राफी किये जाने एवं मतदान दिवस के सीसीटीवी फुटेज प्रदान किये जाने का अनुरोध शिकायतकर्ता अधिवक्ता सुनील यादव की ओर से किया गया है। अतरू प्रजातांत्रिक अवमूल्यों को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी फुटेज की कापी परिषद कार्यालय को तथा एक कापी आवेदक को प्रदान करें। ज्ञात रहे इस चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता धनेश सिंह ने भी इसी प्रकार की धांधली की आशंका जताते हुए मतगणना पुनरू कराए जाने तथा पुनरू मतगणना तक शपथ ग्रहण स्थगित किये जाने की मांग चुनाव अधिकारी श्री कौशिक से की थी।

## एआरओ ने बरमकेला में बीएलओ की बैठक ली

सारंगढ़ बिलाईगढ, 17 अप्रैल (आरएनएस)। आईएएस व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) श्री वासु जैन ने जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की बैठक ली। बैठक में सभी बीएलओ को मतदाता पची एवं वोटर कार्ड का वितरण किया गया। एआरओ श्री जैन ने कहा मतदाता सूचना पर्ची का 24 अप्रैल 2024 तक हर हाल में इसका वितरण कार्य पूरा कर देने के निर्देश दिए।उन्होंने बीएलओ को जानकारी दी कि इस बार मतदान दस फ़ीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए मतदाता पर्चियां को डोर टु डोर पहुंचने के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए अभियान चला कर जागरूक किया जाए।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री जैन ने अपील किया है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के महत्वपूर्ण मतदान को गंभीरता से विचार करके 7 मई 2024 को वोट करने अवश्य जाएं। इस अवसर पर तहसीलदार श्री कोमल साहू, शनि पैकरा उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग को आवागमन के लिए खोली जाये-राजेंद्र ताम्रकार

भिलाई , 17 अप्रैल (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि लगभग दो माह पूर्व भिलाई पावर हाउस चौक से भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन मुख्य पहुंच मार्ग पर रेलवे के ठेकेदार द्वारा बोल्डर एवं मलमा डलवा कर रोड को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है जिसके कारण इस मार्ग से वाहन चालक रेलवे स्टेशन नहीं पहुंच पा रहे हैं

जिसके कारण आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा तथा भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रभाकर राव जनबंधु तथा नागेंद्र तिवारी एवं युवा नेता शिवराज ताम्रकार आदि ने भी उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर एवं स्थानीय प्रभारी रेलवे स्टेशन भिलाई पावर हाउस को भी पत्र लिखकर तत्काल स्टेशन आने जाने वाले मार्ग पर आम नागरिकों को परेशान करवाने के लिए रखवाये गए बोल्डर एवं मलमा को हटवाने की मांग की है जिससे आम यात्रियों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत फूड फेस्टिवल का आयोजन 19 से

महासमुंद 17 अप्रैल (आरएनएस)। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, ताकि मतदाताओं को शत प्रतिशत एवं अनिवार्य मतदान के संबंध में जागरूक किया जा सके। स्थानीय बी टी आई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिन तक फूड फेस्टिवल का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। यहां देशी और अलग-अलग तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें अलग अलग स्टॉल लगाया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों के लिए खेल कार्नर, किड्स जोन और मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति भी दी जाएगी। जिसका परिवार सहित आनंद उठा सकते हैं। फूड फेस्टिवल 19, 20, 21 अप्रैल को संध्या 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित होगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि फूड फेस्टिवल में आकर अवश्य देशी और विभिन्न तरह के व्यंजनों के साथ गीत और संगीत का आनंद उठाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर तक पहुंचाए।

## जिले में 85+ आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग आज एवं कल

राजनांदगांव 16 अप्रैल (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में होम वोटिंग के लिए 17 मतदान दल का गठन किया है। गठित मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85+ आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, मइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे।

## संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव में होम वोटिंग के लिए मतदान दल गठित

राजनांदगांव 16 अप्रैल (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत जिलेवार होम वोटिंग के लिए मतदान दल का गठन किया है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव में फॉर्म-12घ में डाक मतपत्र की सुविधा की मांग करने वाले 85+ आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान दल निवास स्थान पर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करा रहे हैं। होम वोटिंग के दौरान निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थी प्रत्येक दल के साथ मतदान कार्य का अवलोकन करने के लिए अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं।

# पंड़ित विद्याधर शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर 19 को

कोरबा, 17 अप्रैल (आरएनएस)। 19 अप्रैल मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय परम पूज्य पंडित विद्याधर शर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में वृहद् निशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज, घनत्व जांच ( इवदम डपदमतंस कमदेपजल जमेज) तथा आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आरपी नगर फेस 2 में दिनांक 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित कीया गया है। जिसमे आँख, नाक, कान, गला, दंतरोग, चर्मरोग, गुदरोग, शिशुरोग, स्त्रीरोग, वातरोग, श्वास रोग आदि सभी प्रकार के रोगों का निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार आयुर्वेद के सभी विभागों के अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के कार्यकारिणी सदस्य एवं संस्थान के प्रमुख चिकित्सक डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने शिविर के विषय में बताते हुए कहा की मेरे पूज्य दादाजी, मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय परम पूज्य पंडित विद्याधर शर्मा जी ने विश्व कल्याण की मंगल भावना, सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयारू की कामना के साथ नर सेवा ही नारायण सेवा है ऐसे पवित्र उद्देश्य को लेकर शिव औषधालय नामक आयुर्वेद संस्थान की स्थापना की। जिसके माध्यम से न केवल रोगोपचार कीया जाता है, अपितु जीवन के उद्देश्यों को बताकर स्वस्थ जीवन जीने की कला भी सिखाई जाती है। जो की आयुर्वेद का प्रयोजन भी है की स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणं, आतुरस्य विकार प्रशमनं च, अर्थात स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना एवं रोगी व्यक्ति के रोग को दूर करना। और हम भी नर सेवा नारायण सेवा को अपना ध्येय बनाकर उनके बताये मार्ग पर निरंतर अग्रसर हो रहे हैं। उसी तारतम्य मे उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर वृहद् निशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज, घनत्व जांच ( इवदम डपदमतंस कमदेपजल जमेज) तथा आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर कि आयोजन श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आरपी नगर फेस 2 में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक किया जा रहा है। जिसमे आयुर्वेद के सभी विभाग के चिकित्सक अपनी चिकित्सकीय सेवायें देंगे। जिसमें रायपुर के ख्यातिलब्ध दंत चिकित्सक डॉ. विकास अग्रवाल विशेष रुप से अपनी सेवायें देने आ रहे हैं। जो सभी प्रकार के दांत के रोगों का इलाज करने के साथ-साथ ऐसे दंत रोगी जिनके दांत सड़ गयें हो, दर्द रहता हो, निकलवाला चाहते हों, पर शुगर, बीपी या अन्य कारणों से नही निकलवा पा रहे हों, उनके दांतों को बिना किसी किसी एनेस्थिसिया, बिना किसी दर्द के आयुर्वेद की विशेष विधा जालंधर बंध द्वारा निकालेंगे।

शिविर मे बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) 2000/- मूल्य की निशुल्क जांच दिल्ली के टैक्नीशियन द्वारा की जायेगी। मरीजों की रक्त शर्करा तथा हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क की जायेगी। साथ ही आंखों की जांच निशुल्क कर चश्मे का नंबर का कार्ड बनाकर दीया जायेगा। साथ ही यौन संक्रमित, यौन संचारित ,टी.बी.से सम्बंधित रोगों की भी जांच परामर्श एवं उपचार एड्स काउंसलर तथा उनकी टीम द्वारा किया जायेगा।शिविर मे निशुल्क औषधि देने, परामर्श एवं उपचार के साथ स्वास्थ्य पुस्तिका निशुल्क दी जायेगी। शिविर में दंत रोग चिकित्सक डॉ. विकास अग्रवाल, आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा, गुदरोग विशेषज्ञ क्षारसूत्र चिकित्सक डॉ.आर.जी. साहू, सिकलिंग रोग डॉ.प्रदीप देवांगन, स्त्री रोग चिकित्सिका द्वय डॉ.नंदिनी तिवारी तथा डॉ. वागेश्वरी शर्मा, त्वचा रोग डॉ.एन.एल.वीरानी, डॉ.सुरेंद्र मिश्रा, डॉ.संजय वैष्णव, डॉ. युगेश नारायण शर्मा, डॉ.राजेश राठौर, डॉ. जितेन्द्र नारायण शर्मा एवं डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित होकर शिविर में अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे।

## कांग्रेस मुक्त का जुमला देने वालों की पार्टी हो रही कांग्रेस युक्त : विनोद चंद्राकर

### 400 पार का नारा देने वाली पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं पर भरोसा नहीं



**महासमुंद,(आरएनएस)।** पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों द्वारा जिस नेता के खिलाफ दागी व भ्रष्टाचारी होने का आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है, उन्हीं नेताओं को भाजपा अपने पार्टी में शामिल कर लोकसभा प्रत्याशी बना रहे हैं। 400 सीट जीतने का नारा देने वाली पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं व नेताओं पर भरोसा नहीं रहा, इसलिए दूसरे दलों के नेताओं को अपने पार्टी में शामिल करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे दल के नेता भ्रष्टाचार करते हैं तो उन पर ईडी, इनकम टैक्स की कार्रवाई होती है। और बीजेपी ज्वाइन करने के बाद वही नेता पाक साफ हो जाते हैं। पिछले दस सालों में बीजेपी ने क्या काम किए हैं, जनता सब जानती है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के वादाखिलाफी और जनविरोधी नीतियों के कारण अलोकप्रिय हो चुके भाजपाई अब इस लोकसभा चुनाव में केवल दल बदल के आसरे हैं। देश के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार कोई सत्ताधारी दल दूसरे दलों के नेता, कार्यकर्ताओं को दल बदल कराने के लिए पृथक से प्रकोष्ठ बनाकर अपना कुनबा बढ़ाने की जुगत में है। कांग्रेस मुक्त भारत का जुमला देने वालों की अब हालात यह हो गई है की पूरी की पूरी पार्टी कांग्रेस युक्त होने लगी है। केवल राजनीतिक नेता और कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि अब तो दागी, भ्रष्टाचारी, अपराधी और हिस्ट्रीसीटरों को भी भाजपाई अपने दल में शामिल कर रही हैं। श्री चंद्राकर ने कहा है कि पूरे देश में भाजपा का यही चरित्र है कि जांच एजेंसियों के माध्यम से आरोप लगाओ, जेल जाने का डर दिखाओ और फिर अपनी पार्टी में शामिल करके सारे आरोपों से मुक्त कर दो। छत्तीसगढ़ में चिंतामणि महाराज चार महीने पहले जब कांग्रेस से सामरी के विधायक थे। तब उन्हें ईडी के तथाकथित परिवहन कोल घोटाले में आरोपी बताया गया। लेकिन, अब वे भाजपा में जाकर सरगुजा लोकसभा से प्रत्याशी बना दिये गये। यही नहीं ईडी द्वारा ईओडब्लू को एफआईआर दर्ज करने के लिये लिखे गये पत्र में दसवे क्रम में उनका नाम था लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद ईओडब्लू के दायरे से बाहर हो गये।

## देवी भक्त ईश्वरी ने कील को बनाया बिछौना, लोग पड़े अचंभे में

**कोरबा ।** आस्था एक ऐसा विषय है जिसे किसी भी स्तर पर चुनौती नहीं दी जा सकती। अलग-अलग समय पर भिन्न-भिन्न क्षेत्र में कई ऐसी घटनाएं हुई है जिन्हें चमत्कार का नाम दिया गया है। चैत्र नवरात्र पर कोरबा जिले के नेवसा गाव में लोहे की नुकीली कील पर देवी की एक उपासक की सेज सजी है। लोगों के लिए यह किसी चमत्कार से काम नहीं है और वह इसका दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं।कोरबा जिले के पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले नेवसा गाव में नवरात्र पर हर कोई भक्ति में डूबा हुआ है। इन सबके बीच एक स्थान पर प्रज्वलित हो रही ज्योति और नुकीली सेज पर देवी भक्त ईश्वरी चैहान की उपस्थिति हर किसी को अचंभित कर रही है। ईश्वरी के पति ने बताया कि कन्या के स्वप्न में आने की बात उससे साझा की गई थी। साथ ही बताया गया था कि उसे आगे क्या करना है। नेवसा के उप सरपंच शिव यादव ने बताया कि नवरात्र पर उनके गांव में भक्तिमय वातावरण है। हर कहीं भक्ति के नजारे है।

# सामान्य प्रेक्षक और कलेक्टर की उपस्थिति में माइक्रोऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

### मतदान दिवस की सभी गतिविधियों को करेंगे मॉनिटरिंग

### माइक्रोआब्जर्वर को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

राजनांदगांव 16 अप्रैल (आरएनएस)। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त माइक्रोआब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल उपस्थिति थे। सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन ने कहा कि मतदान दिवस मतदान केन्द्र की सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने के लिए माइक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। मतदान केन्द्र की सभी गतिविधियों की जानकारी निर्धारित समय पर देना महत्वपूर्ण कार्य है, इसका विशेष ध्यान रखना है। मॉकपोल एक महती कार्य है, इसमें भी समय का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करें। प्रशिक्षण में माइक्रोऑब्जर्वर की भूमिका से संबंधित सभी दायित्वों को अच्छे से समझें। निर्धारित फर्मेट में रिपोर्टिंग करना आवश्यक है। मतदान उपरांत आपकी रिपोर्ट और पीठासीन अधिकारी की डायरी का मिलान किया जाता है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए माइक्रोआब्जर्वर की अहम भूमिका होती है। उन्हें मतदान केन्द्र में निर्वाचन के संबंध में सभी गतिविधियों से अवगत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर मॉकपोल की कार्यवाही मतदान दलों के द्वारा की जाती है इस दौरान माइक्रोऑब्जर्वर की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने सावधानी रखते हुए मॉकपोल करने कहा। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया बाधित नहीं होना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। उन्होंने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के माइक्रोआब्जर्वर को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने कहा।

## बंग समाज द्वारा नववर्ष पर विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**कोरबा लोकशक्ति7)**। अंचल के मेहर वाटिका में कोरबा बंग समाज के सदस्यों द्वारा बांग्ला नव वर्ष का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में कोरबा बंग समाज के सदस्यों एवं उनके परिवारों द्वारा संपूर्ण बांग्ला भाषा में गीत, नृत्य एवं आवृति की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। लगभग 800 की संख्या में कोरबा बंग समाज के परिवारों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। नव वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ कोरबा बंग समाज के अध्यक्ष डॉ. के.सी. देवनाथ, डॉ. आशीष पाल, गोपाल खस्तगीर, टी.डी. सेन एवं श्रीमती शिप्रा दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ मधुमिता घटक के रविंद्र संगीत से हुआ। उसके पश्चात नृत्य में रोशनी मंडल, प्रिया गोरायी, रिया मुखर्जी, श्रेयसी सरकार, रितिका शीट, सपना बासु, मयुख मुखर्जी, सायोनी भट्टाचार्य, रिमझिम भट्टाचार्य ने प्रमुख रूप से लोक नृत्य एवं भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। प्रख्यात तबला वादक एवं केएन कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. कुणाल दासगुप्ता अपने शिष्यों के साथ कथक नृत्य का लाइव प्रस्तुति दी जिसने लोगों का मनमोह लिया। गायन में अतिन मंडल, शंकर बासु, अपूर्वा, अमित बनर्जी, इशिता पाल, स्मरणी बासु, मौसमी पाल एवं आवृत्ति में मीनाक्षी बासु राय ने दर्शकों का अपनी प्रस्तुति से दिल जीत लिया।संपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच संचालन की जिम्मेदारी डीएवी एसईसीएल कोरबा की शिक्षिका श्रीमती काकोली डे बाला, संजय घोष एवं जय मुखर्जी ने मिलकर परिष्कृत बांग्ला भाषा में किया। विनोद डे एवं शैलेंद्र के हरफनमौला ग्रुप द्वारा शानदार विशाल एलईडी स्क्रीन ने मंच की सुंदरता को चार चांद लगा दिया।

## 7 मई को मतदान का नेवता पहुंच रहा द्वार-द्वार

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में वृहद स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिले के मतदाताओं को लोक सभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत आगामी 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन का 'नेवता तुहर द्वार' के तहत जिले के सभी सातों विकासखण्ड की ग्रामीण महिलाए तख्ती, स्लेट में लिखें स्लोगन के साथ लोगों के घर घर पहुंच कर 7 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने नेवता लेकर पहुंच रही है। साथ ही उन्हें अपने अमूल्य वोट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। महिलाएं आगामी दिनों में जिले के सभी घरों में नेवता लेकर पहुंचने और प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरुक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। जिसके अंतर्गत गत दिवस कलेक्टर श्री गोयल ने तमनार के बिरहोर बस्ती स्वयं नेवता लेकर पहुंचे थे, इसी तरह नगरीय निकाय के पार्क, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ, रंगोली, रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग के लोग स्वस्फूर्त भाग लेकर अपने मत का उपयोग करने की शपथ ले रहे है। कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन के अधिकारी एमएसपी उद्योग पहुंचे एवं उद्योग कर्मियों को रैली के माध्यम से मतदान के लिए जागरुक किया। यहां इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाए गए हैं। जिन्हे उद्योगकर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने का जिम्मा दिया गया। इस दौरान उद्योग कर्मियों को 7 मई को होने वाले मतदान दिवस पर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। एमएसपी के अधिकारी ने कहा कि कर्मियो को मतदान दिवस पर क्रमिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।

